JETIR.ORG ISSN: 2349-5162 | ESTD Year : 2014 | Monthly Issue
JOURNAL OF EMERGING TECHNOLOGIES AND INNOVATIVE RESEARCH (JETIR)
An International Scholarly Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# Crime against Women in Capital of Rajasthan

**Mahendra Kumar Boss.**

At Present Working at Rana Ugam Singh Inda Government Pg College Balesar, District Jodhpur, Rajasthan. (Assistant Professor Geography).

राजस्थान में दुष्कर्म और महिला हिंसा को लेकर अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि राजस्थान पिछले तीन साल से महिला हिंसा के मामलों में पहल नंबर पर है। प्रदेश में जनवरी, 2020 से अप्रैल, 2022 तक दुष्कर्म के 13,890 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 11,307 दुष्कर्म की घटनाएं नाबालिग लड़कियों के साथ हुई है।

महिलाओं और युवतियों के प्रति अपराध में राजस्थान देश में अव्वल है। हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अत्याचार में राजस्थान देश में नंबर एक पर है। राजस्थान में साल, 2021 में 6,377 दुष्कर्म के मामले हुए जो साल 2020 के 5,310 के मुकाबले एक हजार से ज्यादा है।

राजधानी जयपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि देखने को मिल रही है. नवंबर महीने में कई घटनाओं ने लोगों को हैरान कर दिया. गैंगरेप से लेकर घर में घुसकर रेप की वारदात हुई है. एक मामले में बीच सड़क पर युवती को गोली मार दी गई. दूसरे मामले में युवती के अपहरण का केस भी दर्ज किया गया था. हालांकि, उसे पुलिस ने गुजरात से बरामद कर लिया. आरोपियों पर कार्रवाई के बावजूद राजधानी में बेटियों के प्रति बढ़ रहे अपराध ने लोगों को चिंतित कर दिया है.

**सड़क पर युवती को मारी गोली** – 23 नवंबर की सुबह जयपुर में दो युवकों ने स्कूटी सवार 26 साल की युवती पर फायरिंग कर दी. गोली युवती की पीठ में गोली लगी. घटना मुरलीपुरा थाना क्षेत्र की थी. बताया गया था कि दूसरे धर्म में शादी करने से 26 साल की अंजलि को बाइक सवार दो युवकों ने बीच सड़क पर गोली थी. गोली लगने के बाद युवती सड़क पर घायल होकर गिर गई. तत्काल उसे कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया. मुरलीपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह ने बताया कि सभी आरोपी पकड़े गए हैं.

**गैंगरेप की घटना से सनसनी** – 19 नवंबर 2022 को बस्ती में डेयरी पर घी लेने गई युवती से गैंगरेप की घटना ने झकझोर कर रख दिया. पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि पांच लोगों में तीन बीएसएफ के जवान भी थे. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने बीएसएफ अधिकारियों को जानकारी दी. बीएसएफ अफसरों ने तीनों जवानों को पुलिस के हवाले कर दिया. नवबंर माह में लगातार महिला अपराध की घटनायें घटी हैं.

**घर में घुसकर युवती से रेप** – 21 नवंबर को पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर युवती से रेप किया. जानकारी के अनुसार युवती बाथरूम में नहा रही थी. पड़ोसी ने अकेला पाकर युवती से रेप की घटना को अंजाम दिया. युवती के पेट में दर्द होने पर डॉक्टर को दिखाया गया. जांच के दौरान युवती 6 महीने की प्रेग्नेंट निकली.

मामला मालपुरा गेट थाने का है. युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया. एसएचओ सतीश चन्द ने बताया कि बिहार निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. पिता 19 वर्षीय बेटी के साथ फैक्ट्री में जॉब करता है. 6 महीने पहले बेटी घर के बाथरुम में नहाने गई और मौका पाकर आरोपी पड़ोसी ने जबरदस्ती घिनौना काम किया.

**झांसा देकर महिला से रेप** – 24 नवंबर को शादी का झांसा देकर महिला से रेप का मामला सामने आया. दोनों चार साल तक लिव–इन–रिलेशनशिप में रह चुके थे. आरोप है कि अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग से 1.25 लाख रुपए ऐंठ लिए गए. सिंधीकैम्प थाने की पुलिस के मुताबिक खिरणी फाटक झोटवाडा निवासी 35 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है. साल 2018 में महिला की मुलाकात अजय चौधरी से हुई थी. शुरुआती बातचीत के बाद महिला अजय के झांसे आ गई. दिसम्बर 2018 में शादी का वादा कर सिंधीकैम्प स्थित एक होटल में रेप किया. राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने बताया कि घटना पर तुरन्त कार्रवाई की जा रही है. पुलिस थोड़ा लापरवाही भी करती है तो हम बेटियों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं.

राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार का मामला सामने आ जाता है। ऐसे में एक मामला राजधानी जयपुर से सामने आया है। यहां कंबल देने के बहाने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म हुआ है।

जयपुर में घर में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कंबल देने के बहाने दुकानदार उसके घर आया था। पति की गैर मौजदूगी का पता चलने पर घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। करणी विहार थाने में पीड़िता ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, धाबास करणी विहार निवासी 28 साल की महिला ने थ्प्त् दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया, 15 दिन पहले वह भांकरोटा स्थित एक दुकान पर कंबल खरीदने गई थी। वहां उसकी मुलाकात दुकानदार जगदीश प्रसाद से हुई। आरोप है कि बातचीत के दौरान दुकानदान जगदीश प्रसाद ने जल्द ही अच्छे कंबल आने की बताया। कंबल आने पर उसे कॉल कर बताने की कहकर मोबाइल नंबर ले लिए।

17 दिसंबर को दुकानदार जगदीश ने महिला को कॉल किया। कॉल कर उसे कंबल ले जाने की बात कही। इस पर महिला ने घर पर पति के नहीं होने के बारे में बताया। दुकानदार जगदीश कंब देने के बहाने घर आया। पति की गैरमौजूदगी में घर में पीड़िता को अकेला पाकर दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। पति के लौटने पर पीड़िता ने आप बीती सुनाई, जिसके बाद करणी विहार थाने जाकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**पिंकसिटी या क्राइम सिटी ! जयपुर में बदमाशों का आतंक३निशाने पर पोश इलाके, बढ़ी लूट–छेड़छाड़ की घटनाएं**

राजस्थान की राजधानी जयपुर में बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं जहां पिछले 10 दिनों में कई वारदातों को अंजाम दिया गया है. बदमाश दिनदहाड़े शहर की पोश कॉलोनियों में आतंक फैला रहे हैं. वहीं पुलिस के अपराध नियंत्रण के दावों की एक बार फिर पोल खुल गई है.

जयपुर में 108 साल की बुजुर्ग महिला के पैर काटकर बदमाश ने चांदी के कड़े लूट लिए, होटल में युवती से में जबरन दुष्कर्म, दिनदहाड़े दो लड़कियों पर तेजाब से हमला, एक 22 साल की युवती से बीच सड़क पर छेड़छाड़ और मारपीट, बाइक सवार महिला की चैन लूटने का प्रयास३ये कुछ घटनाएं पिछले 10 दिनों में

राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुई है जहां बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वह दिनदहाड़े शहर की पोश कॉलोनियों में आतंक फैला रहे हैं. वहीं बदमाशों द्वारा राजधानी में अंजाम दी जाने वाली वारदातों के बाद पुलिस के दावों की पोल खुल गई है. बीते हफ्ते भर में जयपुर में कई संगीन वारदातें सामने आई है जहां लूटपाट और महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं बढ़ी हैं. इसके अलावा जयपुर में स्नैचिंग, डकैती और महिलाओं के साथ रेप की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है. हालांकि जयपुर पुलिस हर मामले में कड़ी कार्रवाई करने का दावा कर रही है. वहीं आंकड़ों के लिहाज से देखें तो पिछले साल की तुलना में इस साल सितम्बर तक राजधानी जयपुर में अपराध का ग्राफ 28 फीसदी तक बढ़ गया है. वहीं जयपुर में सभी तरह के अपराधों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है. रिपोर्ट के मुताबिक गंभीर अपराधों में हत्या में 25 प्रतिशत, डकैती में 25 प्रतिशत, अपहरण में 33 प्रतिशत और लूट में 17 प्रतिशत बढ़ोत्तरी देखी गई है.

**108 साल की महिला के काटे पैर** – जयपुर के गलता गेट थाना इलाके में 9 अक्टूबर को सुबह 108 वर्षीय जमुना देवी के पैर काटकर बदमाश चांदी के कड़े लूट ले गया. महिला बाथरूम में दर्द से करहाती रही जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से ंडै हॉस्पिटल ले जाया गया जहां मंगलवार को दम तोड़ दिया. वहीं पुलिस ने घटना के 2 दिन बाद आरोपी को पकड़ लिया है.

पुलिस ने महिला के पुराने किराएदार को पकड़ा है जिसने कर्जा चुकाने के लिए बुजुर्ग महिला के साथ लूटपाट की और उसके पैर काट दिए. आरोपी जमवारामगढ़ के टोडामीणा (जयपुर) का रहने वाला प्रकाश प्रजापत है जो कुछ समय पहले जमुना देवी के घर पर किराए से रहता था.

**लड़कियों पर फेंका तेजाब** – वहीं बीते दिनों जयपुर में दो लड़कियों पर बाइक सवार युवक ने तेजाब फेंक दिया जब दोनों लड़कियां कोचिंग जा रहीं थी. हालांकि तेजाब पूरी तरह से छात्राओं पर नहीं गिरा जिसके बाद दोनों मामूली रूप से झुलसी. वहीं इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया. घटना बीते शनिवार शाम को सांगानेर सदर थाने क्षेत्र के सवारिया रोड की है जहां एक 19 साल और 22 साल की छात्रा के कोचिंग जाने के दौरान तेजाब से हमला किया गया.

**महिला के साथ स्नैचिंग का प्रयास** – वहीं बीते हफ्ते शहर के पोश इलाके में दिन–दहाड़े एक स्कूटी सवार महिला का पर्स छीनने के लिए बुरी तरह घायल कर दिया गया. घटना की जानकारी के मुताबिक आरोपी स्कूटी पर चल रही महिला का पर्स छीनने की कोशिश कर रहे थे लेकिन कामयाब नहीं होने पर महिला को नीचे गिरा दिया और वहां से फरार हो गए. वहीं घटना के बाद महिला के मुंह–सिर पर गंभीर चोटें आई है जिसके बाद जयपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में महिला का इलाज चल रहा है. पूरी घटना जयपुर के मुहाना थाना क्षेत्र के मानसरोवर इलाके की है. वहीं आंकड़ों को देखें तो पिछले साल तुलना में इस साल चेन, पर्स और मोबाइल स्नैचिंग की वारदातें बढ़ी है. इस साल महिलाओं के गले से 112 चेन तोड़ने की वारदातें हुई हैं. वहीं 195 लोगों से मोबाइल और 143 पर्स छीनने की घटना हुई.

**बीच सड़क पर युवती से छेड़छाड़** – वहीं जयपुर में 22 साल की युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला भी सामने आया था जहां कुछ बदमाशों ने युवती को बीच सड़क पर रोककर छेड़छाड़ की. वहीं लड़की के विरोध करने पर उसके सिर पर शराब की बोतल फोड़ दी. घटना के बाद हॉस्टल की कई लड़कियां सड़क पर उतर आई और बारिश के बीच जयपुर–भरतपुर हाईवे जाम कर दिया. पूरी घटना कानोता थाना इलाके में प्रेमनगर पुलिया के पास की बीते शनिवार रात की है जहां हॉस्टल में रहने वाली एक स्टूडेंट के लाइब्रेरी से लौटने के दौरान छेड़छाड़ और मारपीट की गई. इसके अलावा जयपुर में नाबालिग लड़की से परिचित युवक के रेप करने का मामला सामने आया है जहां दुष्कर्म के बाद आरोपी ने अश्लील फोटो ले लिए और लड़की को ब्लैकमेल किया गया. मामले में नाबालिग के पिता ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है. इधर बीते हफ्ते शहर के गांधी पथ इलाके में रहने वाली एक 21 साल की युवती ने रिपोर्ट देकर छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया. लड़की ने आरोप लगाया कि तीन बच्चों का पिता अश्लील वीडियो–फोटोज को

वायरल करने की धमकी दे रहा है और ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है. वहीं बीते शनिवार जयपुर की एक होटल में युवती से रेप का मामला सामने आया है जहां मौसेरा भाई हाथ की नस काटकर मरने की धमकी देकर उसे होटल में ले गया और जबरन दुष्कर्म किया. मामला कानोता थाना इलाके का है.

**ब्लाइंड मर्डर में पहले नंबर पर जयपुर** – वहीं बीते महीने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में राजस्थान के आंकड़े चिंताजनक थे. रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल की तुलना में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.

वहीं देश के मेट्रोपोलिटन शहरों में हुए अपराधों के मामले में जयपुर का देशभर में पांचवां स्थान है. जयपुर में अपराधों के कुल 23339 मामले दर्ज किए गए हैं. वहीं मेट्रोपोलिटन सिटी की सूची में ब्लाइंड मर्डर के मामले सबसे ज्यादा जयपुर में हुए हैं. आंकड़ों के मुताबिक इस तरह की 12 हत्याएं जयपुर में हुई है.

**निष्कर्ष–जयपुर शहर में महिला अपराध के आंकड़ों के अनुसार (राज्य महिला आयोग राजस्थान) भारी मात्रा में शिकायतें दर्ज हो रही है और जयपुर शहर अब महिला अपराध में आगे आ गया है। इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते गये तो पूरे भारत में हमारी बहिन–बेटियां सुरक्षित नहीं रह पायेंगी।**

**स्त्रोत – राज्य महिला आयोग जयपुर राजस्थान**